


वस्त्र उद्योग का तेजी से बढ़ता न्यूजपेपर
# टेक्सटाइल मिरर
अखिल भारतीय संस्करण
पाक्षिक
Postal Regd. No.: Bhilwara/231/2018-2020
वर्ष : 8 अंक : 19 प्रकाशित : 1 दिसम्बर 2019 रविवार Editor : Govind Sharma स्थान : भीलवाड़ा पृष्ठ : 26 मूल्य : 20 रुपये






## केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों से विचार-विमर्श कर राष्ट्रीय कपड़ा नीति बनाने पर विचार

# उत्पादन एवं निर्यात बढ़ाने के होंगे उपाय

प्रवीण राणा

**नई दिल्ली**

केन्द्र सरकार राज्यों के साथ विचार-विमर्श कर राष्ट्रीय कपड़ा नीति बनाने पर विचार कर रही है। इस नीति में उत्पादन एवं निर्यात बढ़ाने के उपाय किए जाएंगे। राज्य सभा में यह जानकारी देते हुए केन्द्रीय कपड़ा मंत्री श्रीमति स्मृति ईरानी ने कहा कि राष्ट्रीय कपड़ा नीति सरकार के विचाराधीन है इसके लिए राज्यों के साथ विचार-विमर्श चल रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी सरकार कई बार टेक्सटाइल सेक्टर के लिए नई नीति बनाने की बात कर चुकी है लेकिन अभी तक यह नीति नहीं आ पाई है। यह भी उल्लेखनीय है कि इस सेक्टर में रोजगार एवं निर्यात की भारी संभावनाएं हैं। लेकिन मंदी की मार एवं सरकार की नीति में बार-बार बदलाव से उद्यमी इस सेक्टर में निवेश से कतराने लगे हैं।

उद्यमियों को यह डर रहता है कि यदि वे बड़ा निवेश करते हैं और सरकार की नीतियां बदल गई तो नुकसान झेलना पड़ेगा। विगत दिनों आरसेप समझौते ही बात चल रही थी तो उद्यमियों ने इसका भारी विरोध किया था। वैसे भी बांग्लादेश से मुक्त व्यापार समझौते के कारण वाया बांग्लादेश चीन का कपड़ा आ रहा है जिसका भारतीय टेक्सटाइल उद्योग पर बुरा असर पड़ रहा है। देश में टेक्स एवं महंगा इन्फ्रास्ट्रक्चर के कारण लागत अधिक आती है जिससे भारतीय उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाते हैं।

बहरहाल कपड़ा मंत्री ने राज्य सभा को बताया कि टेक्सटाइल निर्यात को बढ़ाने की दिशा में मौजूदा बाजारों के साथ-साथ 12 नए बाजारों की पहचान की गई है जिनमें निर्यात बढ़ाने का अवसर मिल सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार इस बात का प्रयास कर रही है कि सरकार की मदद से छोटे निर्यातक मझौले आकार की कम्पनियां बन जाएं।



कपड़ा मंत्री ने बताया कि 6000 करोड़ रुपए के पैकेज घोषित होने के बाद ए-टफ के तहत टेक्सटाइल उद्योग से अब तक 1868 आवेदन मिल चुके हैं। इनमें 13612 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव है। कपड़ा मंत्री ने एक लिखित जवाब में सदन को बताया कि स्पेशल पैकेज के तहत गारमेण्ट का निर्यात अक्टूबर 2016 से अगस्त 2019 के दौरान पूर्व की तुलना में 16914 करोड़ रुपए बढ़कर 327895 करोड़ रुपए रहा। इससे प्रत्यक्ष रूप से कितना रोजगार मिला, इसके आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

उन्होंने बताया कि टेक्सटाइल उद्योग के इतिहास में पहली बार राज्य और केन्द्रीय करों को रिफंड उद्योग को दिया जा रहा है।

एक अन्य लिखित जवाब में टेक्सटाइल मंत्री ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट स्कीम के तहत 2010-11 से 2017-18 के दौरान कुल 11.14 लाख लोगों को टेक्सटाइल एवं अपैरल, जूट, स्पिनिंग, वीविंग, टेक्नीकल टेक्सटाइल्स, सेरीकल्चर, हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट आदि टेक्सटाइल के विभिन्न सेगमेंट में प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण देश के 33 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में विभिन्न वर्गों जिसमें महिलाओं, अनुसूचित जाति एवं जनजातियों एवं दिव्यांगों को दिया गया। इनमें से 8.43 लाख लागों को रोजगार मिल चुका है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजारों में उद्योग में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए अपैरल एवं गारमेण्ट सेगमेंट पर विशेष जोर दिया जा रहा है।



ONE NATION
REVOLUTION IN UNIFORMS

# LETS REVOLUTIONALIZE THE WAY WE WEAR UNIFORM

Qmax WORLD™
SUNIL TIBREWAL GROUP COMPANY

Colour Fastness

Superior Finish

Sweat Absorbent



# Uniformity Influencer

## बेस्ट यूनिफॉर्म फैब्रिक एवं बच्चों को आत्मविश्वास प्रदान करना ही 'क्यूमेक्स वर्ल्ड' का उद्देश्य

"कंपनी के एमडी श्री सुनील टिबरेवाल के अनुसार बेस्ट क्वालिटी का फैब्रिक वाजिब दाम में देना ही 'क्यूमेक्स वर्ल्ड' का प्रमुख उद्देश्य हैं। इसके लिए हम एक ही छत के नीचे यार्न खरीदी से लेकर फिनिश गतिविधियों पर पूरी निगाहें रखते हैं। इससे हमें हमारे प्रोडक्ट्स पर पूरा आत्मविश्वास रहता है एवं क्वालिटी पर भी पूरी पकड़ रहती है। उन्होंने कहा कि यूनिफॉर्म बच्चे के आत्मविश्वास का प्रतीक है। यूनिफॉर्म को वह दिन में सबसे ज्यादा पहनता है यदि उसकी क्वालिटी बेस्ट होती है और वह बॉडी फ्रेण्डली होता है तो उसका आत्मविश्वास बढ़ता है। क्यूमेक्स का भी प्रयास यही रहता है कि यूनिफॉर्म फैब्रिक की क्वालिटी सर्वश्रेष्ठ हो और विद्यार्थी पूरे आत्मविश्वास एवं आरामदायक तरीके से यूनिफॉर्म पहनते हुए देश के भविष्य निर्माण में अपना सक्रिय योगदान प्रदान करें।"



It all starts with Dream

**Sunil Tibrewal**

Approved by Institution

Best Uniform

Anti Pilling



No.1 UNIFORM FOR NEW INDIA
No.1 UNIFORM FABRIS MANUFACTURES

# Say it with Knits!!!

From Directors Desk



**Ankit Tibrewal**

## सर्वश्रेष्ठ यार्न, बेहतरीन फिनिश, त्वरित डिलिवरी एवं इनोवेशन ही ONE NATION (REVOLUTION IN UNIFORMS) ब्राण्ड की पहचान

"कंपनी के डायरेक्टर श्री अंकित टिबरेवाल के अनुसार यार्न से लेकर विभिन्न तरह की फिनिश करवाते हुए इनहाउस स्टिचिंग के साथ बेहतरीन क्वालिटी के यूनिफॉर्म गारमेण्ट देना ही 'ONE NATION' ब्राण्ड की सबसे बड़ी विशेषता है। इसके अलावा प्राप्त ऑर्डर्स की त्वरित डिलिवरी करवाने में भी यह ब्राण्ड सिद्धहस्त है। यही वजह है कि रेडीमेड यूनिफॉर्म में 'ONE NATION' ब्राण्ड विश्वास का प्रतीक बन गया है। जिसके चलते स्कूल एवं इस्टीट्यशन्स से इस ब्राण्ड को बहुत अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस ब्राण्ड की डीलर्स के माध्यम से देशभर में काफी तेज गति से बढ़ती जा रही है एवं एवं सभी सुविधाएं कंपनी के पास इनहाउस एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं।"

#UniformsforNew India

Phone No. 02522-666666 (100 Lines)
Email : info@qmaxindia.net
Website: www.qmaxmills.com

## #No.1 Uniform Fabric Manufacturer

From the House of:
Qmax WORLD™
SUNIL TIBREWAL GROUP COMPANY

# Qmax World ने यूनिफॉर्म सीजन हेतु भरी 'मेगा ऊड़ान'

## सोलापुर यूनिफॉर्म फेयर में करेगी भव्य प्रदर्शन

## निटवियर हेतु लॉन्च किया नया ब्राण्ड 'ONE NATION'




युवा डायरेक्टर श्री अंकित टिबरेवाल

"कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री अंकित टिबरेवाल ने कहा कि 'यूनिफॉर्म में क्रान्ति' की टेगलाइन को ध्यान में रखते हुए हमने यूनिफॉर्म की बेहतरीन फीटिंग, बॉडी फ्रेण्डली एवं अतुलनीय डिजाइनों के साथ नीटिंग स्कूल वियर एवं स्पोर्ट्स वियर पेश किया है जो अपनी 'ऊड़ान' भरने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि बड़ी मान्यता के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। 'क्यूमेक्स वर्ल्ड' बेहतरीन स्कूल व कॉर्पोरेट यूनिफॉर्म फैब्रिक्स डिजाइनों एवं पिछले 3 दशक के गहन अनुभव से 'वन नेशन' बनी है ताकि वो रेडीमेड स्कूल यूनिफॉर्म की बढ़ती हुई डिमाण्ड को पूरा कर सके। उन्होंने कहा कि निटिंग स्कूल वियर एवं स्पोर्ट्स वियर में पहला कदम है इसके बाद हम और भी क्षेत्रों में शुरुआत करेंगे ताकि हम यूनिफॉर्म की हर जरूरत को पूरा करने का जरिया बन सके। उन्होंने कहा कि निटवियर के क्षेत्र में काफी संभावनाएं है जिनको मद्देनजर रखते हुए हमने इस क्षेत्र में कदम रखा है।"



मुम्बई/ यूनिफॉर्म जगत के क्रिएटिव ब्राण्ड 'क्यूमेक्स वर्ल्ड' द्वारा आगामी यूनिफॉर्म सीजन को फोकस करते हुए हाल ही में मुम्बई में 'मेगा उड़ान' का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ PDG./Rtn. श्री गोपाल मन्धानिया द्वारा किया गया। इस दौरान कंपनी के देशभर के प्रमुख एजेण्ट्स एवं डीलर्स ने उत्साहपूर्वक शिरकत की जिन्हें कंपनी द्वारा विशेष अवॉर्ड देकर सम्मानित भी किया गया। कॉन्फ्रेन्स में आये सभी व्यापारियों का रेड कारपेट पर इण्टरव्यू भी लिया गया जहां 'क्यूमेक्स वर्ल्ड' ब्राण्ड के बारे में फीडबैक लिया गया, जिसमें सभी व्यापारियों ने कंपनी एवं उसके उत्पादों की जमकर सराहना की। कार्यक्रम के दौरान कंपनी द्वारा नये केटलॉग का भी अनावरण किया गया।

**वन नेशन ब्राण्ड की की लॉन्चिंग-** कम्पनी द्वारा मेगा उड़ान कार्यक्रम के दौरान निटिंग स्कूल वियर एवं स्पोर्ट्स वियर ब्राण्ड 'वन नेशन' की भव्य लॉन्चिंग की गई। कंपनी के इस कदम का भी सभी व्यापारियों ने भरपूर समर्थन किया।




















Visit Our STALL NO. 15&16







Sweat Absorbent | Colour Fastness | Anti Pilling | Superior Cotton Feel



मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सुनील टिबरेवाल

"कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सुनील टिबरेवाल ने 'मिरर' को बताया कि प्रोडक्ट सर्वोपरि होता है, जो बेहतरीन है वहीं बिकता है। नये-नये प्रोडक्ट डवलप करना एवं हमेशा कुछ नया देने का जूनून ही हमारी विशेषता है। हमारी अनुभवी डिजाइनर टीम भारतीय वातावरण को ध्यान में रखते हुए स्कूली बच्चों की जरूरत के अनुसार ही फैब्रिक बनाने पर फोकस करती है। हमारी पहचान हमारे एजेण्ट्स एवं डीलर्स से है, हम उनके सहयोग की तहेदिल से सराहना करते हैं। क्योंकि किसी भी प्रोडक्ट की सफलता कंपनी के सुदृढ़ मार्केटिंग नेटवर्क पर ही निर्भर करती है। आज हमारे निमंत्रण पर देशभर से सभी व्यापारी बन्धु 'उड़ान' कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पधारे, इससे हम अत्यन्त गद्गद है।
उन्होंने कहा कि आगामी 8 से 10 जनवरी, 2019 को बैंगलोर में आयोजित हो रहे 'सोलापुर यूनिफॉर्म एवं गारमेण्ट फेयर' में हमारे सभी नये प्रोडक्ट्स का केटलॉग के साथ भव्य डिस्प्ले किया जायेगा।"

ONE NATION™
REVOLUTION IN UNIFORMS
THE COMPLETE UNIFORM SOLUTION



A VENTURE OF Qmax WORLD
Email: gmknits@qmaxindia.net | www.qmaxindia.net

Qmax WORLD™
SUNIL TIBREWAL GROUP COMPANY
LEADING MANUFACTURER OF UNIFORM FABRICS



THE Qmax Mills
Since 1982
Email: sales@qmaxindia.net | www.qmaxindia.net












# यूनिफॉर्म में क्वाण्टिटी किंग के रूप में प्रख्यात 'स्पर्श फेब'

मुंबई/ यूनिफॉर्म फैब्रिक के क्षेत्र में क्वांटिटी किंग के रूप में प्रख्यात कंपनी 'स्पर्श फेब टेक्सटाइल प्रा.लि.' द्वारा बाजार में पेश किए जा रहे स्कूल यूनिफॉर्म केटलॉग, कॉम्बो कलेक्शन और कॉर्पोरेट वियर की बेहतरीन रेंज को देशभर के राज्यों एवं कपड़ा मण्डियों में काफी पसंद किया जा रहा है।



श्री विकास तोदी

'स्पर्श फेब' ब्राण्ड के अंतर्गत अपनी यूनिफॉर्म फेब्रिक उत्पादक इस कंपनी ने स्कूली यूनिफॉर्म फेब्रिक में ग्राहकी की पसंदगी को आसान बनाने हेतु नई डिजाइनों के डवलपमेण्ट भी प्रारम्भ कर दिए हैं। कंपनी द्वारा प्योर पीवी, ब्लेण्ड एवं पीसी ब्लेण्ड में हैवी रीड-पीक की बेहतरीन यूनिफॉर्म फैब्रिक उत्पादित की जाती है, जिसकी गुणवत्ता के चलते स्कूल के साथ-साथ कॉर्पोरेट जगत में भी 'स्पर्श फेब' ब्राण्ड ने अपनी विशेष पहचान कायम कर ली है।

एजेण्ट्स एवं डीलर्स के माध्यम से देशभर में यूनिफॉर्म फेब्रिक की मार्केटिंग करने वाली यह कंपनी समय-समय पर विभिन्न मार्केटिंग क्षेत्र में सेल कॉन्फ्रेंस एवं यूनिफॉर्म फेब्रिक का डिस्प्ले भी आयोजित करती है, जिसके अंतर्गत कंपनी द्वारा हाल ही में मेरठ (यूपी) में यूनिफॉर्म फेब्रिक का डिस्प्ले आयोजित किया गया था। यहां कंपनी के एजेण्ट्स के मार्फत कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने उनके रिटेलर्स, कनवर्टर्स एवं विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया था और इस डिस्प्ले में मेरठ के साथ-साथ दिल्ली के भी ग्राहकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

आगामी स्कूली यूनिफॉर्म फेब्रिक के सीजन अनुरूप कंपनी ने अपनी तैयारियां प्रारम्भ कर दी है और कंपनी के पास रेग्यूलर बुकिंग भी अच्छी देखी जा रही है। साथ ही नए सेम्पल भी डवलपमेण्ट हेतु हर क्षेत्र से प्राप्त हो रहे हैं।





